CIN-NO-UT4999RJ2020PTC0679.
UN NO-200022186

Title Code-RAJHIN27921

# मरूधर विशेष

वर्षः 1 अंकः 47 | हिन्दी | प्रातः कालीन | जयपुर, रविवार, 25 सितम्बर, 2022 | पृष्ठ :4 | मूल्यः 2 रुपए

## एक्सप्रेस न्यूज

### शव लेने से ग्रामीणों ने किया इंकार

**संबलपुर, (एजेंसी)।** ओडिशा में बरगढ़ जिले के महुलपली गांव के ग्रामीणों ने गांव के एक व्यक्ति मुनचू संधा (45) के शव को लेने और उसका अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया। सूत्रों ने बताया कि मुनचू (45) लीवर समस्या से ग्रस्त था। उसे शनिवार को बुरला इलाज के लिए ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। नियम के अनुसार शव का पोस्टमार्टम किया गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अस्पताल का कर्मचारी जिसने पोस्टमार्टम के दौरान शव को छुआ था वह अजा समुदाय का था। इसलिए ग्रामीणों ने शव लेने से इंकार किया। इसकी जानकारी मिलने के बाद एक युवक सुनील बेहरा ने एम्बुलेंस चालक की मदद से शव को अपनी बाइक पर रखकर श्मशान स्थल ले गया और उसका अंतिम संस्कार किया।

### पाक खुफिया एजेंसी का जासूस गिरफ्तार

**कोलकाता, (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से संबंध एक जासूस को गिरफ्तार किया है। उसका नाम पीर मोहम्मद है। वह छद्म नाम समीर के रूप में अपने जानने वालों के बीच प्रचलित था। उसे उत्तर बंगाल के कलिंपोंग से गिरफ्तार किया गया है। एसटीएफ के डीआईजी निशांत परवेज ने शनिवार शाम इस बारे में बताया है कि उसे कोलकाता ले आने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पता चला है कि उसने कई खुफिया जानकारी पैसे के एवज में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई को दी है। 39 साल का पीर मोहम्मद मूलरूप से कालिमपोंग थाना क्षेत्र के मुर्गीहाटा का रहने वाला है। उसका मोबाइल और लैपटॉप सीज किया गया है।

### बद्रीनाथ धाम में तैनात होमगार्ड सम्मानित

**देहरादून, (एजेंसी)।** उत्तराखंड में चमोली जनपद स्थित श्री बद्रीनाथ धाम में तैनात होमगार्ड ईश्वरी द्वारा कानपुर (उत्तर प्रदेश) से श्री बद्रीनाथ धाम जी के दर्शन हेतु आए दिव्यांग को पीठ में लादकर दर्शन कराने पर उच्चाधिकारियों ने पुरस्कृत करने की घोषणा की है । राज्य के होमगार्ड निदेशक (कमाण्डेन्ट जनरल) भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी (आईपीएस) केवल खुराना ने शनिवार को बताया कि ईश्वरी ने जब दिव्यांग पप्पू को देखा तो उन्हे अपनी पीठ पर उठाकर बद्रीनाथ धाम के दर्शन कराए। दर्शन के पश्चात पप्पू ने भावुक होकर दोनो हाथ जोड़कर ईश्वरी का धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि ईश्वरी की कर्मठता और निस्वार्थ व्यवहार के लिए कमांडेंट जनरल, होमगार्ड्स डिस्क एवं प्रशंसा प्रमाण पत्र से सम्मानित किये जाने हेतु घोषणा की गई है।

### अमेरिका में कृपाण रखने पर सिख छात्र गिरफ्तार

**अमृतसर, (एजेंसी)।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना चार्लोट विश्वविद्यालय में सिख छात्र को कृपाण रखने पर पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने के मामले की कड़ी निंदा की है। श्री धामी ने शनिवार को कहा कि कृपाण सिख धर्म के पांच ककारों (धार्मिक चिह्न) में से एक है और सिख परंपरा के अनुसार अमृतधारी सिख ककारों को हमेशा अपने पास रखने के लिए बाध्य है। सिख अमृतधारी छात्र का ककार रखने के लिए अपमान करना सिखों के धार्मिक अधिकारों का एक हनन है। उन्होंने विदेश मंत्री डॉ. एस जय शंकर और अमेरिका में भारतीय राजदूत तरनजीत सिंह संधू से अपील की कि इस मामले पर ध्यान दें और सुनिश्चित करें कि भविष्य में सिखों की भावनाएं आहत न हों।

## बुरी नजर रखने वालों को मिलेगा करारा जवाब

### चीन के परमाणु परीक्षण का जिक्र कर रक्षा मंत्री राजनाथ की दो टूक

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को जोर देते हुए कहा कि थल सेना देश को बुरी मंशा से देखने वाली किसी भी ताकत का जवाब देने की क्षमता रखती है। अब चीन के साथ संवाद समानता के आधार पर किया जाता है। सिंह ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मौजूदगी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पर पांच खंडों की एक पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में यह टिप्पणी की। रक्षा मंत्री ने कहा कि चीन ने जब 1964 में प्रथम परमाणु परीक्षण किया था, तब उपाध्याय पहले व्यक्ति थे जिन्होंने भारत के अपना परमाणु परीक्षण करने का समर्थन किया था। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत ने जब तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में 1998 में राजस्थान में अपना परमाणु परीक्षण किया, इसका उद्देश्य (परमाणु) प्रतिरोधी क्षमता रखने का था। उन्होंने कहा कि इस प्रतिरोधी क्षमता के कारण भारतीय थल सेना आज आत्म रक्षा करने के प्रति पूरी तरह आश्वस्त है। आज, 2022 में भारत की सेना चीन के साथ समानता के आधार पर संवाद कर रही है।



सिंह ने कहा कि देश का लक्ष्य महज अपनी जरूरत के लिए उपकरण निर्मित करने का नहीं, बल्कि अन्य देशों को रक्षा उपकरणों का निर्यात करने का भी है। उन्होंने कहा कि मैं कह सकता हूं कि हम पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को पूरा करने की दिशा में बढ़ रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि रक्षा मंत्रालय ने 310 रक्षा उपकरणों की तीन स्वदेशीकरण सूची जारी की है। इन उपकरणों को एक समय सीमा के बाद किसी भी परिस्थिति में बाहर से नहीं खरीदा जाएगा। ये सभी उपकरण भारत में निर्मित किये जाएंगे।

## लंदन में झूलन गोस्वामी को दी ऐतिहासिक विदाई



**लंदन।** भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड को अंतिम वनडे मुकाबले में 16 रन से हराकर झूलन गोस्वामी को ऐतिहासिक विदाई दी है। भारतीय टीम ने वनडे में इंग्लैंड को पहली बार उसी की सरजमीं पर क्लीन स्वीप किया। झूलन को मेजबान टीम की खिलाड़ियों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। मैच के दौरान कप्तान हरमनप्रीत कौर काफी भावुक हो गई हैं। कप्तान हरमनप्रीत ने झूलन के आखिरी मैच में उन्हें टॉस के लिए भेजकर विदाई सम्मान भी दिया।

### भोपाल में छात्रा से ब्लेकमेलिंग और इंदौर में बच्ची की हत्या का मामला

## जघन्य घटना को चिह्नित अपराध में लेकर जल्द सुनवाई करेंः शिवराज

### सीएम ने दोनों घटनाओं पर बुलाई आपात बैठक

**भोपाल ■ प्रशासनिक संवाददाता**

राजधानी भोपाल में आईटीआई की छात्रा से ब्लैकमेलिंग और इंदौर में एक बेटी के साथ हुई जघन्य घटना को लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार सुबह मुख्यमंत्री निवास पर आला अफसरों को तलब किया और आपात बैठक की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने इस तरह की घटनाओं पर कड़ी नाराजगी जाहिर की और इस तरह की घटनाओं को बेहद गंभीरता से लेते हुए ऐसी कार्रवाई के निर्देश दिए जो कि नजीर बने।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि पुलिस प्रशासन, ब्लैकमेलिंग की घटनाओं को गंभीरता से लें। कॉलेज परिसर, छात्रावास आदि में विशेष सतर्कता बरती जाए। यह सुनिश्चित करें कि कॉलेज और छात्रावासों में अवांछित तत्व प्रवेश नहीं करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्लैकमेलिंग की प्रवृत्ति को रोकने आवश्यक कदम उठाएं। दोषियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई कर दंडित किया जाए।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर में हुई घटना को लेकर इंदौर पुलिस अधिकारियों की वर्चुअल बैठक ली।

### रिकॉर्ड समय में आरोपी को ऐसा दंड मिले जो एक नजीर बने

इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने इंदौर में शुक्रवार को बेटी के साथ हुई जघन्य और हृदय विदारक घटना पर पुलिस अधिकारियों की शनिवार सुबह आपात बैठक ली। इंदौर के अधिकारी वर्चुअली शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इस जघन्य प्रकरण को चिन्हित अपराध में लेकर जल्द सुनवाई करें और रिकॉर्ड समय में आरोपी को दंडित किया जाए। अपराध के प्रमाण और सीसीटीवी फुटेज आदि उपलब्ध हैं। आरोपी को ऐसा कठोरतम दंड दिया जाए, जिससे बाकी लोगों में भी भय व्याप्त हो और जो कि नजीर बने। मुख्यमंत्री को पुलिस अधिकारियों ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी को पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा तत्काल पकड़ लिया गया था। सीएम चौहान ने इंदौर पुलिस को महिलाओं के विरुद्ध अपराधों के मामले में अधिक सजग रहने और गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए।

## प्रशासनिक सेवाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की जरूरत

### बोले आरएसएस के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**



**दिल्ली में सिविल सेवा प्रतिभागी कन्या छात्रावास का किया शिलान्यास**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने शनिवार को यहां धीरपुर में सिविल सेवा प्रतिभागी कन्या छात्रावास के प्रस्तावित भवन का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। कन्या छात्रावास का यह नया भवन 'संकल्प ग्लोब कैपिटल भवन' के नाम से जाना जाएगा। डॉ. भागवत ने प्रशासनिक सेवाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की जरूरत बताते हुए कहा कि प्रशासनिक सेवाओं में बेटियों की भागीदारी बढ़नी चाहिए और संकल्प का नया कन्या छात्रावास इस दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए डॉ. भागवत ने कहा कि संकल्प संस्था द्वारा प्रशासनिक सेवाओं के लिए युवाओं को तैयार करने का राष्ट्रीय कार्य किया जा रहा है। यह देश की प्रशासनिक व्यवस्था में मूल्यों को स्थापित करने में अत्यंत उपयोगी है। भवन का नक्शा पूरी तरह तैयार है और पास करवाया जा चुका है। छात्रावास में बेसमेंट और स्टिल्ट सहित कुल छह फ्लोर होंगे। तीन फ्लोर पर विद्यार्थियों के रहने के लिए कुल 36 कमरों के अलावा कोचिंग, भोजन हॉल, अध्ययन कक्ष, लाइब्रेरी, सेमिनार हॉल, पार्किंग, लिफ्ट आदि की सुविधाएं होंगी। भवन का निर्माण पूर्ण रूप से दानदाताओं के सहयोग से होगा।

महिला सशक्तीकरण की दिशा में संकल्प का यह प्रयास अत्यंत प्रेरणादायी सिद्ध होगा और इसके दूरगामी परिणाम होंगे, ऐसा हमारा विश्वास है। संघ प्रमुख ने व्याख्यानमाला के अंत में प्रश्नों के उत्तर में कहा कि भारत में हिंदू मुस्लिम एकता समय-समय पर प्रभावित होती रही है। अंग्रेजों ने अपने स्वार्थ में यह बताया कि अलग रहने पर लाभ मिलेगा। जिससे भारत का विभाजन हुआ। इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## सोनिया गांधी से मिलेंगे नीतिश और लालू यादव



**पटना, (एजेंसी)।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर जमकर हमला बोला है। लालू यादव ने शनिवार को कहा कि अमित शाह पूरी तरह से पगलाए हुए हैं। उनकी सरकार वहां (बिहार) हटा दी गई है। भाजपा को 2024 में भी हार का सामना करना पड़ेगा।

लालू ने सवालिया लहजे में पूछा कि क्या जब वह गुजरात में थे तो उन्होंने ऐसा किया था? दिल्ली जाने के लिए पटना एयरपोर्ट पहुंचे लालू यादव पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। लालू ने आरोप लगाया कि जब वह (अमित शाह) गुजरात में थे, तब वहां जंगल राज था। गृह मंत्री के इस दावे के बारे में पूछे जाने पर कि भाजपा 2024 में फिर से केंद्र में और फिर अगले साल बिहार में सरकार बनाएगी, इस पर लालू ने कहा कि हम इसे देखेंगे। बता दें रविवार 25 सितंबर को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राजद प्रमुख लालू यादव मुलाकात करेंगे। राजद प्रमुख ने कहा कि आने वाले चुनावों में बिहार में भारतीय जनता पार्टी का सफाया हो जाएगा। लालू ने कहा कि अमित शाह रिटायर हो जाएंगे। बिहार में उनको कोई कामयाबी नहीं मिलेगी। भारतीय जनता पार्टी के यह कहने के साथ कि नीतीश कुमार राजद को बाद में सत्ता की खोज में छोड़ देंगे।

### दशानन का निर्माण



राजधानी भोपाल में दशहरा पर्व को लेकर दशानन रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के वध के लिए कलाकार पुतलों को तैयार करने में जुट गए हैं।

## युवा वर्ग को प्राथमिकता देती है भाजपा : मोदी

**मंडी/नई दिल्ली, (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी युवाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। भाजपा देश की ऐसी राजनीतिक पार्टी है, जिसमें मुख्यमंत्री, सांसद, मंत्री हर जगह युवाओं का प्रतिनिधित्व सबसे ज्यादा होता है।



- भाजपा की युवा विजय संकल्प रैली को किया वर्चुअली संबोधित
- स्थिर सरकार नीति-निर्माण और शासन में स्थिरता लाई

वे वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये हिमाचल प्रदेश के मंडी में भाजपा की युवा विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए अपनी बात रख रहे थे। हालांकि खराब मौसम के कारण कार्यक्रम स्थल पर नहीं पहुंच पाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने खेद प्रकट करते हुए बड़ी संख्या में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे लोगों का धन्यवाद किया। प्रधानमंत्री ने केंद्र और राज्यों में स्थिर सरकार का महत्व बताते हुए कहा कि केंद्र में दशकों तक गठबंधन सरकार थी और अनिश्चितता का माहौल था। उसके कारण दुनिया में लोगों को देश के बारे में संदेह था। 2014 में एक स्थिर सरकार चुनी गई, जो नीति-निर्माण और शासन में स्थिरता लाई। उन्होंने आगे कहा कि अब लोग स्थिर सरकार के महत्व को समझ रहे हैं।

### नियुक्ति

### उत्तर प्रदेश सरकार ने चीफ जस्टिस यूयू ललित के बेटे को सीनियर वकील पैनल में रखा

## श्रीयश सुप्रीम कोर्ट में उप्र की पैरवी करेंगे

**लखनऊ ■ ब्यूरो**

योगी सरकार ने भारत के चीफ जस्टिस यूयू ललित के बेटे श्रीयश यू ललित को सुप्रीम कोर्ट में राज्य सरकार का पक्ष रखने के लिए वरिष्ठ अधिवक्ताओं के पैनल में नियुक्त किया है। इस बाबत यूपी प्रशासन की तरफ से नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है।



हाल ही में एनवी रमना की रिटायरमेंट के बाद जस्टिस यूयू ललित ने सुप्रीम कोर्ट के 49वें चीफ जस्टिस का पद संभाला है। महाराष्ट्र के सोलापुर में जनमे जस्टिस यूयू ललित की चार पीढ़ियां वकालत से जुड़ी हुई है। जस्टिस यूयू ललित के दादा रंगनाथ ललित सोलापुर में आजादी से पहले वकालत किया करते थे। जस्टिस यूयू ललित के पिता उमेश रंगनाथ ललित भी वकील रह चुके हैं जो बाद में हाई कोर्ट के जज भी बने।

जस्टिस यूयू ललित को बार से सीधा सुप्रीम कोर्ट जस्टिस के तौर पर नियुक्त किया गया वहीं उनके बेटे श्रीयश यू ललित भी वकील हैं जिन्हें यूपी सरकार ने राज्य सरकार का पक्ष रखने के लिए वरिष्ठ अधिवक्ताओं के पैनल में नियुक्त किया है। हालांकि जस्टिस उदय उमेश ललित का बतौर सीजेआई कार्यकाल 100 दिनों से कम का होगा। जस्टिस यूयू ललित 8 नवंबर को बतौर सीजेआई 74 दिनों का कार्यकाल पूरा कर रिटायर होंगे।


### किरेन रिजिजू ने अदालतों में लंबित मामलों पर जताई चिंता

**पटना, (एजेंसी)।** केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने देश भर की अलग-अलग अदालतों में बड़ी संख्या में लंबित मामलों पर गहरी चिंता व्यक्त की और सभी हितधारकों से लोगों को समय पर न्याय प्रदान करने के उपाय किए जाने का आह्वान किया। श्री रिजिजू ने शनिवार को यहां 'राष्ट्र के विकास में अधिवक्ताओं की भूमिका' विषय पर आयोजित एक सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि अधिवक्ताओं को राष्ट्र के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। उन्होंने कहा कि लोगों को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जागरूक करने और उन्हें न्याय सुनिश्चित कराना वकीलों की जिम्मेवारी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश भर की अलग-अलग अदालतों में बड़ी संख्या में लंबित मामले हम सभी के लिए गहरी चिंता का विषय है। लोगों को न्याय सुनिश्चित करने के लिए आत्मनिरीक्षण करने की आवश्यकता है।

लंबित मामलों की संख्या 4.25 करोड़ थी जो कोरोना महामारी के दौरान बढ़कर 4.80 करोड़ हो गई

## आतंकी साजिश मामले में नीरज बवाना सहित तीन गैंगस्टर धराए

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पीएफआई के बाद अब गैंगस्टरों और आपराधिक सिंडिकेट के सरगनाओं पर भी शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। एनआईए दिल्ली के कुख्यात गैंगस्टर नीरज बवाना सहित आपराधिक सिंडिकेट के तीन सरगनाओं को दिल्ली और देश के अन्य हिस्सों में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया है।



**एनआईए ने आपराधिक सिंडिकेट के सरगनाओं पर भी कसा शिकंजा**

एनआईए के एक प्रवक्ता ने शनिवार को कहा कि दिल्ली के नीरज सेहरावत उर्फ नीरज बवाना, गुरुग्राम, हरियाणा के कौशल उर्फ नरेश चौधरी और पंजाब के साहिबजादा अजीत सिंह नगर के भूपिंदर सिंह उर्फ भूपी राणा को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने कहा कि यह मामला हत्याओं सहित विभिन्न प्रकार की आपराधिक गतिविधियों में आपराधिक गिरोहों की संलिप्तता से संबंधित है, ताकि लोगों को अपने आपराधिक गिरोहों और गतिविधियों को चलाने और बढ़ावा देने के लिए रंगदारी वसूलने के लिए आतंकित किया जा सके। प्रवक्ता ने कहा कि ये गिरोह ड्रग्स और हथियारों की तस्करी के जरिए इस तरह की आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए फंड भी जुटा रहे थे।

दखल

# मिलावटी दूध का बढ़ता संकट



सरकार मिलावटी दूध के कारोबार पर रोक लगाने के प्रयास में लगी है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण इसकी जांच के लिए इलेक्ट्रॉनिक किट का इस्तेमाल करता है। इन उपकरणों से जांच में आसानी तो होगी, पर यह दावा करना मुमकिन नहीं है कि मिलावटी दूध का धंधा बंद हो जाएगा। अगले पांच साल में मिलावटी दूध की वजह से भारत के करीब 87 फीसद लोगों को कैंसर का सामना करना पड़ सकता है।

**भारत** दुनिया में दुग्ध उत्पादन और खपत के मामले में पहले स्थान पर है। देश में दूध का उत्पादन 14.68 करोड़ लीटर प्रतिदिन है। इसमें 51 फीसद भैंसों से, 25 फीसद विदेशी एवं मिश्रित नस्ल की गायों से, 20 फीसद देशी नस्ल की गायों से और शेष चार फीसद का उत्पादन ऊंट जैसे बड़े पशु से लेकर बकरी जैसे छोटे पशुओं तक से मिलने वाला दूध शामिल है। दूध की खपत 64 करोड़ लीटर प्रतिदिन है। गौरतलब है कि उत्पादन एवं खपत के बीच करीब 50 करोड़ लीटर का फर्क है। इसमें पाउडर से बने दूध का भी बराबर योगदान है। इसके बावजूद बड़ी मात्रा में आपूर्ति मिलावटी दूध से ही हो रही है। विभिन्न मानकों पर आधारित रिपोर्ट में यह आंकड़ा 65 से 89 फीसद तक दर्ज किया गया है। यह दूध यूरिया, डिटर्जेंट, अमोनियम सल्फेट, कास्टिक सोडा, फार्मलीन जैसे खतरनाक रसायनों के मिश्रण से बनाया जाता है। इसके उपभोग से देह के दुरुस्त अंग भी काम करना बंद कर सकते हैं। ये रसायन कैंसर और लिवर की खराबी जैसी कई गंभीर बीमारियों को जन्म देते हैं। इसके बावजूद मिलावटी दूध का गोरखधंधा धड़ल्ले से जारी है। इसका नुकसान पशुपालन में लगे किसानों को तो होता ही है, इसका उपयोग करने वालों को ज्यादा होता है जो एक तरह से जीवन से खिलवाड़ है।

बीसवीं सदी के आखिरी तीन दशक विश्व बैंक की मदद से हुई श्वेत क्रांति (ऑपरेशन फ्लड) की सफलता के लिए जाने जाते हैं। यह दूध की नैसर्गिक अवस्था को परिवर्तित कर उसे व्यावसायिक इस्तेमाल के अनुकूल बनाने की बेहद महत्वाकांक्षी परियोजना थी। कई सहकारी संस्थानों ने पशुओं का रंग, रूप और नस्ल ही नहीं, बल्कि पशुपालन करने वाले किसानों की दशा भी बदल दी। श्वेत क्रांति की वजह से ही बड़े स्तर पर दूध का कारोबार संभव हुआ। इसमें विभिन्न पशुओं के दूध को एक समान बनाने और इसे देर तक फटने से बचाने के लिए प्रसंस्करण की नई विधियों तक का इस्तेमाल किया गया। इस व्यापारिक इस्तेमाल का अपना ही व्याकरण शास्त्र है। इसकी भूमिका कमोबेश ऐसी ही है, जैसी बोलियों से बनी भाषाओं के लिए व्याकरण की है। परिवर्तन के इसी क्रम में मिलावटी दूध का भी रहस्य छिपा है। आज इस व्यापारिक रणनीति का परिणाम सामने है।

भारत दुनिया भर में दुग्ध उत्पादन ही नहीं, बल्कि मिलावटी दूध के मामले में भी सभी को पीछे छोड़ चुका है। 21वीं सदी में इस धंधे में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ी है। देशी नस्ल के पशुओं से प्राप्त होने वाले ऑर्गेनिक दूध की गुणवत्ता को वैज्ञानिक अनुसंधान में स्वास्थ्य के लिए बेहतर पाया गया। इसे ए-टू मिल्क कहा जाता है। न्यूजीलैंड के कृषि वैज्ञानिक कीथ वुडफोर्ड ने 2007 में एक किताब लिखी थी- 'डेविल इन द मिल्क'। वे दूध में मौजूद पाचक प्रोटीन बीटा-केसोमोरफिन-7 को 'दूध का दानव' कहते हैं। इसकी वजह से जानलेवा रोग होते हैं, जिनमें डायबिटीज, दिल की बीमारी और ऑटिज्म जैसे रोग प्रमुख हैं। वुडफोर्ड इस शोध का श्रेय ऑकलैंड विश्वविद्यालय में बच्चों की दवाइयों पर काम करने वाले प्रोफेसर बॉब इलियट को देते हैं, जो छोटे बच्चों को होने वाले डायबिटीज का कारण खोजने में लगे थे। दरअसल न्यूजीलैंड कृषि पर आधारित चालीस लाख लोगों की जनसंख्या वाला एक ऐसा छोटा देश है, जहां दूध की प्रति व्यक्ति खपत दुनिया भर में सबसे ज्यादा है।

इस शोध में पाया गया कि डायबिटीज के शिकार सिर्फ वही बच्चे हुए, जो एवन-बिटा-केसिन वाले दूध का सेवन करते हैं। यह समस्या केन्या जैसे देशों में नहीं थी, जहां एटू-बिटा-केसिन वाले दूध का प्रयोग होता रहा। यह समस्या जेनेटिक बदलाव की वजह से खड़ी हुई। यदि ऐसा नहीं होता तो देशी नस्ल के पशुओं से मिलने वाले ऑर्गेनिक दूध में भी ऐसा ही दोष होता। वैज्ञानिक अनुसंधानों में यह साबित हो चुका है। सरकार ने राष्ट्रीय गोकुल मिशन शुरू किया है। यह गिर, सिंधी और साहीवाल जैसी देशी गायों के संवर्धन की हजारों करोड़ की परियोजना है। इसे श्वेत क्रांति का तीसरा युग माना जा सकता है। इस बीच दुग्ध उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने का काम भी जोरों पर है। उत्पादन और खपत के आंकड़ों पर गौर करने से कई आश्चर्यजनक बातें सामने आती हैं। भारतीय डेयरी उद्योग की विकास संभावनाओं पर एक अध्ययन में एसोचैम ने पाया कि भारत दुनिया में विशालतम दूध उत्पादक होने के बावजूद यहां प्रति व्यक्ति दूध उपलब्धता मात्र 252 ग्राम प्रतिदिन है। यह दुनिया भर के औसत प्रति व्यक्ति 279 ग्राम प्रतिदिन से कम है।

दूसरी ओर न्यूजीलैंड जैसे छोटे देश में प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता नौ हजार 773, आयरलैंड में तीन हजार 260 ग्राम और डेनमार्क में दो हजार 411 ग्राम है। खेती-किसानी और पशुपालन ही ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध रोजगार का सुगम साधन है। हैरत की बात है कि पशु को पालने वाले घरों में दूध की खपत सबसे कम है। सिंथेटिक दूध का करोबार करने वाले तो इस जहर का इस्तेमाल कतई नहीं करते हैं। सरकार मिलावटी दूध के कारोबार पर रोक लगाने के प्रयास में लगी है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण इसकी जांच के लिए इलेक्ट्रॉनिक किट का इस्तेमाल करती है। इन उपकरणों से जांच में आसानी तो होगी, पर यह दावा करना मुमकिन नहीं है कि मिलावटी दूध का धंधा बंद हो जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का कहना है कि अगले पांच साल में मिलावटी दूध की वजह से भारत के करीब 87 फीसद लोगों को कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। इसके खिलाफ भारत सरकार के लिए परामर्श जारी करते हुए डब्ल्यूएचओ ने कहा कि यदि इस पर रोक नहीं लगाई गई तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

सरकार ने शर्तों पर दुग्ध उत्पादों के आयात का फैसला किया है। शुरू में यह करोबार सात अरब डॉलर का होगा। भारत के बाद अमेरिका दूसरा बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है। वहां डेयरी उद्योग खस्ताहाल है। पशुपालन में लगे किसानों द्वारा आत्महत्या की खबरें सामने आई हैं। हजारों डेयरी फार्म बंद हो चुके हैं। केवल न्यूयार्क राज्य में 2006 से 2016 के बीच आंकड़ा एक हजार छह सौ का है। यह क्रम लगातार जारी है। यूनाइटेड स्टेट डिपार्टमेंट ऑफ एग्रीकल्चर की रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन को किए जाने वाले 52 फीसद दूध पाउडर के निर्यात पर व्यापार युद्ध के बाद हमारे पड़ोसी ने 25 फीसद शुल्क लगा दिया है। इस मुद्दे पर कनाडा की सरकार अपने पशुपालकों के हितों की अनदेखी कर अमेरिका की मदद के लिए तैयार नहीं है।

अब ऐसी दशा में अमेरिका का रुख भारतीय बाजार की ओर होना स्वाभाविक ही है। इससे मिलावट का धंधा खत्म होगा, इसकी कोई गारंटी नहीं है, मगर भारतीय पशुपालकों की मुश्किलें जरूर बढ़ेंगी। पिछले दो साल में कई बार महाराष्ट्र के किसान सड़क पर उतरे हैं। उनकी मांग दूध के दाम कम से कम पांच रुपए प्रति लीटर बढ़ाने की है। कमोबेश यही दशा ओडिशा सहित देश के तमाम दुग्ध उत्पादक प्रदेशों की है। जाहिर है कि पशुपालन में लगे किसानों की हालत अच्छी नहीं है। 21वीं सदी में दुग्ध उत्पादों का व्यापार आयात-निर्यात के मकड़जाल में उलझता प्रतीत होता है। इससे वैश्विक व्यापार संतुलन में तो आसानी होगी, लेकिन पशुपालकों के लिए अपने ही उत्पाद का उपभोग संभव नहीं रह जाएगा।

**सत्येंद्र मिश्र**
(वरिष्ठ पत्रकार)

राज-विचार

## शाह के सीमांचल दौरे के मायने

भाजपा ने वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में अकेले चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी प्रारंभ कर दी है, इस कारण किसी भी क्षेत्र को वह छोड़ना नहीं चाहती है। गृह मंत्री अमित शाह के बिहार में सीमांचल दौरे को इसी से जोड़ कर देखा जाना चाहिए।




गृहमंत्री अमित शाह शुक्रवार से दो दिन के बिहार दौरे पर हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के भाजपा से गठबंधन तोड़ने के बाद यह अमित शाह का पहला बिहार दौरा है। उनके इस दौरे को 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी के रूप में देखा जा रहा है। इसके साथ ही शाह का दौरा बिहार में हाल ही में बने महागठबंधन से निपटने की तैयारी के रूप में देखा जा रहा है। भाजपा ने 2024 की तैयारी के लिए 'आओ चलें भाजपा के साथ, करें बिहार का विकास' के नाम से अभियान भी शुरू कर दिया है। अमित शाह के इस दौरे से सियासी सरगर्मियां तेज हैं। जिस सीमांचल इलाके में अमित शाह रहेंगे वह परंपरागत रूप से महागठबंधन का गढ़ माना जाता है। 2019 के लोकसभा चुनाव में सीमांचल के चार जिलों की चार लोकसभा सीटों में से दो पर जदयू, एक पर कांग्रेस और एक पर भाजपा को जीत मिली थी।

अररिया सीट पर भाजपा के प्रदीप सिंह जीते थे। तो किशनगंज सीट से कांग्रेस के मोहम्मद जावेद ने जीत दर्ज की थी। वहीं, कटिहार से जदयू के दुलाल चंद गोस्वामी और पूर्णिया से जदयू के ही संतोष कुमार जीते थे। सीमांचल के इन चार जिलों में कुल 24 विधानसभा सीटें आती हैं। 2020 के विधानसभा चुनाव में इन 24 में से आठ सीटों पर भाजपा, पांच-पांच सीटें कांग्रेस और एआईएमआईएम, चार सीटें जदयू, एक-एक सीट राजद और सीपीआईएमएल ने जीती थी। एआईएमआईएम के पांच में से चार विधायक अब राजद में आ चुके हैं। सीमांचल बिहार का वो इलाका है जहां मुस्लिम आबादी की बहुलता है। नेपाल-पश्चिम बंगाल और झारखंड से सटे इस इलाके में मुस्लिम आबादी करीब 46 फीसदी है। भाजपा के इस इलाके में पटखनी मिलती रही है। अमित शाह इस दौरे से अपने कमजोर पक्ष को मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं। इस मुस्लिम बहुल इलाके में जदयू और राजद की पकड़ रही है।

दोनों के साथ आने के बाद इस इलाके में महागठबंधन को फायदा मिलने की उम्मीद है। दावा किया जाता है कि इस इलाके में बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों की समस्या बहुत ज्यादा है। अमित शाह का ये दौरा महागठबंन के गढ़ में सेंध लगाने की कोशिश है। माना जा रहा है कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव में अकेले चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी प्रारंभ कर दी है, इस कारण किसी भी क्षेत्र को वह छोड़ना नहीं चाहती है। वैसे भाजपा के वरिष्ठ नेता नीतीश की पार्टी जदयू के एनडीए छोड़कर जाने को लेकर हुई क्षति की पूर्ति की बात कर रहे हैं, लेकिन कार्यकर्ता नीतीश के जाने के बाद उत्साहित हैं। वैसे, जदयू को अमित शाह का सीमांचल जाना पसंद नहीं आया है। इधर, भाजपा शह के इस दौरे को लेकर उत्साहित है। भाजपा ने गृह मंत्री के आने को लेकर मानती है कि कार्यकर्ताओं में नई उर्जा का संचार होगा। शाह का सीमांचल दौरा इस लिहाज से भी खास है, क्योंकि यहीं से महागठबंधन ताकतवर होने की बात करता है।

# बाल मन में जकड़ी पोर्न की लत



चाइल्ड पोर्नोग्राफी की लत नाबालिगों के मस्तिष्क को अब दीमक की तरह खा रही है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के ताजे आंकड़ों के मुताबिक देश में रेप की घटने वाली हर पांचवीं घटना में नाबालिगों की ही भूमिका सामने आ रही है। पोर्नोग्राफी को लेकर कानून बनाने से तब तक कुछ नहीं होगा जब तक हम अपनी जिम्मेदारी नहीं समझेंगे और बच्चों पर निगरानी नहीं रखेंगे।

**चाइल्ड** पोर्नोग्राफी की लत नाबालिगों के मस्तिष्क को अब दीमक की तरह खा रही है। यही वजह है कि बलात्कार की घटनाओं में नाबालिगों की संलिप्तता लगातार बढ़ती जा रही है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के ताजे आंकड़ों के मुताबिक देश में रेप की घटने वाली हर पांचवीं घटना में नाबालिगों की ही भूमिका सामने आ रही है। स्कूलों में पढ़ने वाले मात्र दस-पंद्रह साल के नासमझ बच्चे इस जघन्य अपराध को अंजाम दे रहे हैं। उत्तर प्रदेश में चार साल की एक बच्ची के साथ चार बच्चों ने गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया। रेप करने वाले सभी बच्चों की उम्र 12 साल से कम है। माना जा रहा है कि मोबाइल में पोर्न देखने के बाद इस वारदात को अंजाम दिया गया। छोटे-छोटे बच्चे इतने खूंखार हो सकते हैं जिसकी किसे ने कल्पना तक नहीं की होगी? दरअसल यह घटना हमें यह बताने के लिए काफी है कि अतिआधुनिक मोबाइल और तेज नेटवर्क मौजूदा पीढ़ी को किस रास्ते पर ले जा रहा है। सोशल मीडिया, इंटरनेट, मोबाइल और तेज नेटवर्क ने इंसान को जहां एक दूसरे से जोड़ने का काम किया है, वहीं इसके कई खतरे और दुष्प्रणाम भी उभरकर सामने आए हैं जिसमें सबसे अव्वल किशोरों में बढ़ती पोर्न देखने की लत।

सिगरेट पीना, गाली देना, असंस्कारीपन का हावी होना, सामाजिक सोच से बेखबर, गलत आचरण को अपनाना, बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों की दलदल में समाना आदि की देन आज इंटरनेट की ही है। इंटरनेट और मोबाइल फोनों की लत युवाओं में ऐसे लग चुकी है जो छूटने का नाम ही नहीं ले रही। स्कूल, कॉलेज, बाजार व सार्वजनिक स्थान हर जगह लोग फोनों से चिपके देखे जाते हैं। स्कूली बच्चों के पास क्लासरूम में फोनों की बरामदगी अब आम बात हो गई है। उनके फोनों की जब जांच की जाती है तो सबके होश उड़ जाते हैं। उनके फोन में सिर्फ अडल्ट फिल्में स्टोर मिलती हैं। इस आफत से छुटकारा दिलाने के लिए अभिभावकों और सरकार के पास भी मनोवैज्ञानिक उपाय नहीं है। बाल मस्तिष्क और साइकोलॉजी के शोधकर्ताओं और विशेषज्ञों का कहना है कि हिंदुस्तानी किशोरों में पोर्न देखने की लत कुछ ही सालों से ज्यादा बढ़ी है। जबसे एंड्रॉयड फोनों में इस्तेमाल होने वाले इंटरनेट डाटा की कीमतें कम हुई हैं तभी से इनका दुरुपयोग होने लगा है। इससे मोबाइल कंपनियों और सरकारों का मुनाफा होने लगा है।

बलात्कार जैसे कृत्यों के पीछे तेजी से बढ़ती इंटरनेट की दुनिया है। युवाओं में इंटरनेट की उपलब्धता जितनी तेजी से बढ़ रही है अपराध भी उसी गति से बढ़ने शुरू हो गए हैं। नाबालिगों में बढ़ती पोर्न देखने की लत पर अंकुश लगाने के लिए केंद्र सरकार ने 850 पोर्न साइट पर बैन लगा दिया है। साथ ही कुछ सख्त कानून बनाने पर भी विचार किया जा रहा है। हाल ही में सूचना एंव प्रसारण मंत्रालय की ओर इस मसले पर बैठक भी की गई। वाटसएप ग्रुपों पर पोर्न पिक्चरों को प्रसारित करने पर जुर्माने का भी प्रावधान बनाया। इसके अलावा साइबर कैफों में 18 साल से कम उम्र के बच्चों को प्रतिबंधित करने का भी फैसला लिया गया। देखा जाए तो यह मौजूदा समस्या को रोकने के विकल्प नहीं हो सकते। जब तक एंड्रॉयड फोन व इंटरनेट पैक और डाटा पर रोक नहीं लगाते तब तक इस समस्या पर अंकुश नहीं लग सकता। इंटरनेट प्रोवाइडर कंपनियां सख्ती के बाद भी चुपके से बंद साइटों को खोल देती हैं। कंपनियों को सिर्फ अपने मुनाफे से मतलब होता है। इंटरनेट से कोई बिगड़ रहा है तो उससे उनको फर्क नही पड़ता। करीब दो साल पहले सुप्रीम कोर्ट ने चाइल्ड पोर्नोग्राफी नहीं रोकने पर सरकार की जमकर लताड़ लगाते हुए उन साइटस को तुरंत ब्लॉक करने को कहा था जो भारत में बिना इजाजत के पोर्नोग्राफी को बढ़ावा दे रही हैं। सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी के बाद केंद्र सरकार के कहने पर टेलीकॉम कंपनियों ने करीब 850 एडल्ट साइटों को ब्लॉक कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट का वह आदेश आईटी एक्ट के आर्टिकल 19(2) के तहत जारी हुआ था। सरकार के पास शालीनता और नैतिकता बनाए रखने के लिए बैन लगाने का अधिकार होता है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक दूसरे आदेश में पोर्न साइटों पर बैन लगाने से इनकार कर दिया था। कोर्ट ने यह भी कहा था कि कोई किसी को बंद कमरे में पोर्न देखने से कैसे रोक सकता है? लेकिन उनकी यह बात बच्चों पर लागू नहीं होती। बाल अपराध की बढ़ती घटनाओं पर न्यूरोसाइंटिस्टों का मत है कि नाबालिगों में बहुत ज्यादा पोर्न देखने से उनके दिमाग के विकास पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है जिससे उनमें मनोविकार होने का भी खतरा लगातार बना हुआ है। मनोविकारक होने पर बच्चे बड़ी घटनाओं को अंजाम देने तक पर उतारू हो जाते हैं। जैसा कि आजकल बच्चे करने लगे हैं। इस समय पूरी दुनिया इंटरनेट की जकड़ में है। इंटरनेट का कम उम्र के बच्चे बहुत तेजी से दुरुपयोग कर रहे हैं। सबसे ज्यादा प्रभावक असर स्कूली बच्चों पर पड़ रहा है। अब लड़कों के अलावा लड़कियां भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने लगी हैं। जब से 4जी की स्पीड आई है युवाओं पर बुरा असर पड़ना शुरू हुआ है। समय रहते अगर इस समस्या पर काबू नहीं पाया गया तो आने वाला समय बहुत ही भयाभय होगा। बच्चे जिस दिशा में भागे जा रहे उससे अभिभावक खासे चिंतित हैं। सरकार को इस समस्या का तुरंत प्रभाव से उपाय खोजकर निदान की दरकार है।

वैसे, सरकार से पहले यह काम घरों में माता-पिता को करना होगा। बच्चों के हाथ में मोबाइल देने से पहले बच्चों को सही और गलत समझाना होगा। साथ ही उनके फोन की सतत निगरानी भी करनी होगी। अभी देखने में यह आता है कि मां-बाप बच्चों को फोन दिलाने के बाद अपने काम में व्यस्त हो जाते हैं। बच्चा फोन में क्या देख रहा है और क्या कर रहा है, इससे उन्हें कोई वास्ता नहीं रहता। मां-बाप की तरफ से निश्चिंत होने के बाद बच्चा ज्ञान की चीजें हासिल करने के बजाए ऐसी सामग्रियों की तलाश में जुट जाता है, जो उसे पतन की ओर ले जाती हैं। बच्चे का शैक्षिक विकास तो रुकता ही है, भविष्य भी चौपट होने की राह पर चला जाता है। जब तक अभिभावकों को पता चलता है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। अपराध में फंसने के बाद बच्चे को वापस रास्ते पर लाना दुरुह कार्य हो जाता है। यह सब इसीलिए होता है, क्योंकि माता-पिता अपनी दुनिया से बाहर बच्चों की दुनिया में झांकने की जरूरत ही महसूस नहीं करते।

सरकार से चाइल्ड पोर्नोग्राफी पर रोक लगाने और नया कानून बनाने की मांग की तो जा रही है, मगर क्या हमने यह सोचा है कि कानून सामूहिक प्रयास के बिना असर दिखा पाएगा? अभी देश में कितने ही कानून हैं, मगर क्या फर्क पड़ा। हत्या के खिलाफ भी कानून है और बलात्कारी को फांसी की सजा देने का भी कानून है, सवाल यह है कि क्या देश में हत्या और रेप बंद हो गए। इसी तरह पोर्नोग्राफी को लेकर कानून बनाने से तब तक कुछ नहीं होगा जब तक हम अपनी जिम्मेदारी नहीं समझेंगे और बच्चों पर निगरानी नहीं रखेंगे। सिर्फ सरकार पर ही जिम्मेदारी डाल हम बच नहीं सकते।

**कविता निगम**
(वरिष्ठ पत्रकार)

## मरती हुई मनुष्यता

शास्त्रों में कहा गया है:-

**पक्षिणां काकचाण्डाल: पशुनां चैव कुक्कुर:।**

अर्थात् प्राणियों में कुछ प्राणी स्वभाव से नीच और चाण्डाल होते हैं। पक्षियों में कौआ और पशुओं में कुत्ता, स्वभाव से नीच और चाण्डाल प्रवृत्ति वाले होते हैं। किंतु कलियुग की गतिशीलता के साथ यह शास्त्रोक्ति असंगत प्रतीत होने लगी है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए ऐसा लगता है कि सृष्टि के सभी प्राणियों में मनुष्य सर्वाधिक नीच और चाण्डाल प्रवृत्ति वाला प्राणी है। पशु-पक्षी तो विवेक शून्य हैं, सही-गलत निर्धारित करने की यथोचित क्षमता नहीं है, किन्तु मनुष्य तो इस सृष्टि का सर्वाधिक बुद्धिमान व विवेकशील प्राणी माना जाता है, फिर भी वह चाण्डाल प्रकृति के अनैतिक कार्य करता है, तो निश्चित रूप से वह इस पृथ्वी पर विद्यमान प्राणियों में सबसे बड़ा चाण्डाल है। हाल ही में भोपाल के निजी स्कूल के बस चालक द्वारा स्कूल बस में एक साढ़े तीन वर्ष की बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। यह अत्यंत शर्मनाक और चाण्डाली कृत्य है। छोटी बच्चियों के साथ अनैतिक कृत्य की यह पहली घटना नहीं है, लगभग प्रतिदिन के अखबार में इस तरह की खबरें पढ़ने को मिलती है। इस तरह की घटनाओं के बारे में जानकर ऐसा लगता है कि मनुष्यता मरती जा रही है। मनुष्य ने पशुओं से भी ज्यादा पशुता को प्राप्त कर लिया है। वह पिचाशी प्रवृत्ति का हो गया है। कदाचित स्वयं को मनुष्य कहलाने का अधिकार खोता जा रहा है। साढ़े तीन साल की बच्ची पुष्प के समान गुड़िया ही तो है, उसके साथ इतनी दरिंदगी करना सिर्फ निन्दनीय कृत्य ही नहीं है, बल्कि हमारे समाज के लिए एक चिंता का विषय भी है। हमारा समाज गर्त में जा रहा है। मनुष्य के भीतर मनुष्यता के मूल्य खत्म हो चुके हैं। छोटी-छोटी बच्चियों पर बुरी नजर डालने वालों की आंखें वहशीपन से भर चुकी हैं। ऐसे लोग समाज के लिए खतरा बन गए हैं। इन लोगों को समाज में रहने का कोई अधिकार नहीं है। ऐसे लोगों को सरेआम मृत्युदंड मिलना चाहिए। एक और बात जिस बस में छोटी सी बच्ची के साथ बस चालक ने अनैतिक कृत्य किया, उस बस में परिचारिका उपस्थित थी उसने इस कृत्य में चालक का सहयोग किया है। ये मान भी लें कि बस चालक की आंखों में हैवानियत थी। लेकिन परिचारिका तो स्त्री है, एक मां है। उसका हृदय जरा भी नहीं कांपा। उसने ये कैसे स्वीकार कर लिया, ऐसी स्त्री समाज के लिए कलंक है। कहते हैं, बच्चे ईश्वर का रूप होते हैं, और छोटी-छोटी कन्याएं तो स्वयं देवी और शक्ति का स्वरूप हैं। भारतवर्ष की महान् संस्कृति में बच्चियों को देवी स्वरूप मानकर उनकी पूजा करने की परम्परा है। समाज के ये बहसी और अनैतिक लोग अपने पापी कृत्यों से न केवल हमारी महान् संस्कृति को कलंकित कर रहे हैं, बल्कि समाज को दूषित भी कर रहे हैं। चिंता इस बात की है, कि लोगों के नैतिक और मानवीय मूल्य जिस तरह लगातार गिर रहे हैं, उससे आने वाला समय और भी ज्यादा भयावह होने की आशंका है। समाज को इस विषय पर गंभीरतापूर्वक विमर्श और चिंतन करना पड़ेगा। शास्त्रों के अनुसार जैसे-जैसे कलियुग का समय बीतेगा, वैसे-वैसे लोगों में तमो गुण की वृद्धि होगी। कलियुग 4 लाख 32 हजार वर्ष का है, और शास्त्रों के अनुसार अभी कलियुग के लगभग 5 हजार वर्ष ही व्यतीत हुए है। इतने अल्प समय में ही मानव समाज की यह दुर्दशा है, तो आगे आने वाले समय में मनुष्य कितना नीच और चाण्डाल हो जाएगा इसका अनुमान लगाया जा सकता है। छोटी सी बच्ची के साथ इतना जघन्य कृत्य करने वालों को इतना कठोर दण्ड मिलना चाहिए, ताकि समाज में ऐसे पिचाश फिर किसी देवी पर अपनी वहशी नजर न डाल सकें।

**डॉ. जीवन एस. रजक**
(राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी)

## डॉ सरोज मीणा को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित अलवर का नाम देशभर में हुआ रोशन



**मालाखेड़ा (सतीश कुमार चौधरी)।** भारत की महिला राष्ट्पति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार 24 सितंबर को नई दिल्ली स्थित राष्ट्पति भवन में अलवर महाविद्यालय में प्रोफेसर समाजसेवी डॉ सरोज मीणा को प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया। इसे लेकर अलवर जिले सहित पूरे प्रदेश का नाम भारतवर्ष में रोशन हुआ है। राष्ट्पति द्रौपदी मुर्मू ने अवॉर्ड प्रदान किया उन्होंने सरकारी कामकाज अध्यापन कार्य को करने के बाद भी समाज सेवा में अग्रणी महत्वपूर्ण योगदान दिया। जिसके चलते राष्ट्पति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें प्रशस्ति पत्र वह गौरवशाली चिन्ह देकर सम्मानित किया जिससे आज देश भर में अलवर जिले का नाम रोशन हुआ है गौरतलब है कि पूर्व मंत्री रामकिशोर मीणा के पुत्र जो मालाखेड़ा थाने में थाना अधिकारी महेंद्र मीणा की धर्मपत्नी है सरोज मीणा राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्पति से सम्मानित होने पर मालाखेड़ा सुमेल आदर्श ग्राम विकास समिति जमालपुर सचिव अवधेश सिंह, दिव्यांग जन कल्याण संस्थान अध्यक्ष सतीश कुमार चौधरी,मनीराम गुर्जर सहित सर्व समाज के लोगों ने मिठाई बांटकर खुशी जताई।

## बारिश से फसलों में हुए नुकसान का एसडीएम ने लिया जायजा



मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा

**बानसूर -** प्रदेश में हो रही लगातार 4 दिनों से बारिश के चलते किसानो की चिंता बढ़ रही है। किसानों की तैयार फसल अधिक और बेमौसम बारिश के कारण पानी में बह रही है। जिससे चिंतित हो सरपंच अमर सिंह बुरा ने स्थानीय एसडीएम राहुल सैनी ,पटवारी अजीत यादव , कृषि अधिकारी सुरेश यादव ,कृषि पर्यवेक्षक राजेश चौधरी, व बीमा कंपनी के अधिकारी को बुलाकर क्षेत्र का दौरा करवाकर किसानों के बाजरे की फसल में हुए नुकसान का निरीक्षण करवाया तथा किसानों की फसल नुकसान का बीमा कंपनी व सरकार से मुआवजा दिलाने की मांग की। इस दौरान निरीक्षण टीम ने कस्बे की ग्राम पंचायत लोयती , नांगल भावसिंह , सांथलपुर सहित ढाणीयों में जाकर किसानों से रूबरू होते हुए उनकी खराब हुई फसल का जायजा लिया। और उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## भाजपा ने बूथ कमल उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया



मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा

**बानसूर -** बूथ कमल उत्सव कार्यक्रम के दौरान शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने बूथ अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम रामपुर में जयप्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ।इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्षों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से आमजन के लिए चलाए जा रहे जनहितकारी कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी की रीति- नीति और संगठनात्मक ढांचे के बारे में कार्यक्रम में विस्तार से बताया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने हर घर कमल और फूल पोस्टर व पत्रक वितरण किए। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री हेमन्त यादव, मंडल महामंत्री राजेश यादव, मनोज जोशी, तथा बूथ न. 100 पर बूथ अध्यक्ष मुकेश सुरेला, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट अशोक भरगढ़, मंडल मिडिया प्रभारी विजय कुमावत, हरीसिंह सैनी, तुलसी मिश्रा, शक्ति केन्द्र संयोजक टिंकू सैनी, शक्ति केन्द्र प्रभारी देवेन्द्र प्रजापत सहित सभी भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

## ट्रेलर में लगी आग चालक व खलासी ने कूदकर बचाई जान

मरुधर हिन्द उदयपुर

कोटड़ा क्षेत्र के गोगुंदा पिंडवाड़ा हाईवे पर चलते ट्रेलर में अचानक आग लग गई जिसमें ट्रेलर चालक व खलासी ने सूझबूझ दिखाते हुए चलते ट्रेलर से कूदकर अपनी जान बचाई ।

ट्रेलर गोगुंदा की और से पिंडवाड़ा की ओर मार्बल के बड़े ब्लॉक लेकर जा रहा था। तभी मालवा चौरा के समीप ट्रेलर में आग लगने से धू-धू कर जलने लगा ।

ट्रेलर को जलता देख ग्रामीणों ने बेकरिया पुलिस व हाइवे टीम को सूचना दी सूचना मिलने पर टीम मौके

पहुच , पुलिस ने उदयपुर फायर ब्रिगेड को दी सूचना ओर मौके पर फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया जब तक ट्रेलर का आगे का हिस्सा पूरा जल चुका था ।

ट्रेलर में आग लगने से हाईवे मार्ग बाधित हो गया बेकरिया थाना

पुलिस ने यातायात एकतरफा करवाया । बेकरिया थाना अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि ट्रेलर में शॉट सर्किट होने से आग लगी थी चालक व खलासी ने समय पर कूदकर अपनी जान बचाई।

# जरूर लागू होगा राइट टू हेल्थ बिलः चिकित्सा मंत्री

## नेशनल कॉन्फ्रेंस राज सीएसआईकॉन-22 में बोले चिकित्सा मंत्री




### बिल से जुड़ी आपत्तियों को बातचीत कर सुलझाया जाएगा

मरूधर विशेष

**जयपुर।** हर तबके तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए राजस्थान में राइट टू हेल्थ बिल लागू होकर रहेगा। इसे लेकर जो भी शिकायतें हैं, उन्हें सुनकर दूर किया जाएगा और इसे लागू किया जाएगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने शनिवार को यहां आयोजित नेशनल कॉन्फ्रेंस में यह बात की।

कार्डियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया की राजस्थान शाखा की ओर से यह नेशनल कॉन्फ्रेंस 'राज सीएसआईकॉन-22' आयोजित की जा रही है। चिकित्सा मंत्री परसादीलाल मीणा ने कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन करते हुए कहा कि इलाज दिन ब दिन महंगा होता जा रहा है और आम आदमी इसे वहन नहीं कर पा रहा है। हमारी सरकार 10 लाख रुपए तक का इलाज फ्री उपलब्ध करा रही है। मुख्यमंत्री ने पीएम को भी यह पत्र लिखा है कि ऐसा हेल्थ मॉडल पूरे देश में लागू हो। एक समय था जब आम आदमी का अस्पताल जाना भी संभव नहीं हो पाता था और अब गरीब से गरीब व्यक्ति भी किडनी ट्रांसप्लांट जैसा ऑपरेशन फ्री करा सकता है। अब हम राइट टू हेल्थ भी ला रहे हैं। फिलहाल कुछ आपत्तियों के कारण उसे 15-20 दिनों के लिए टाल दिया है लेकिन इसे लागू करके रहेंगे। इस बिल के रूप में हम निश्चित ही गरीब व्यक्ति के लिए बेहतर इलाज लेने का अधिकार देंगे। इसे 15 से 20 अक्टूबर में लागू करेंगे। कॉन्फ्रेंस में आरयूएसएच के कुलपति डॉ. सुधीर भंडारी भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे।

इस मौके पर कांफ्रेंस के आर्गनाइजिंग चेयरमैन व सीनियर कार्डियक प्रोफेसर डॉ. एस.एम. शर्मा ने सभी का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस में हार्ट संबंधी इलाज में हो रही नई रिसर्च के अलावा नवीनतम इलाज तकनीकों पर भी चर्चा हो रही है। एसएमएस मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल व कॉन्फ्रेंस के साइंटिफिक चेयरमैन डॉ. राजीव बगरहट्टा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कार्डियोलॉजी के क्षेत्र में नई पीढ़ी के डॉक्टर्स के लिए यह कॉन्फ्रेंस मील का पत्थर साबित होगी। इस मौके पर सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. आरके मधोक और डॉ. एसआर मित्तल को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया गया।

### एसएमएस से हुए केस का लाइव टेलीकास्ट

आयोजन सचिव डॉ. सीबी मीणा और सीएसआई राज के अध्यक्ष डॉ. एसके कौशिक ने बताया कि पहले दिन कॉन्फ्रेंस में कॉम्पलेक्स एंजियोप्लास्टी और बायोरिसोर्बेबल स्टेंट एंजियोप्लास्टी का लाइव टेलीकास्ट भी किया गया। ये प्रोसीजर एसएमएस हॉस्पिटल की कैथ लैब में किये गए थे। ज्वाइंट सेक्रेटरी डॉ. सुनील शर्मा ने बताया कि डॉ. एचके बाली ने प्लाक मॉडिफिकेशन, डॉ. अनिल शर्मा ने छोटी नसों में स्टेंटिंग, डॉ. पीके हाजरा ने बीआरएस, डॉ. सुरेश राव ने कार्डियक ट्रांसप्लांटेशन पर जानकारी दी।

## फेफड़ों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना जरूरीः डॉ राठी

### विश्व फेफड़े दिवस 2022 आज

**जोधपुर।** विश्व फेफड़े दिवस, 25 सितंबर, फेफड़ों के स्वास्थ्य की वकालत और कार्रवाई का दिन है। विश्व स्तर पर बेहतर फेफड़ों और सभी के लिए फेफड़े का स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए इस दिन को मनाया जाता है । विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लू.एच.ओ.) और फोरम आफ इंटरनेशनल रेस्पिरेटरी सोसाइटीज (एफआईआरएस) के द्वारा 25 सितंबर को विश्व फेफड़ा दिवस मनाया जाता है। विश्व फेफड़ा दिवस का प्रमुख उद्देश्य फेफड़ों के स्वास्थ्य के प्रति दुनिया भर में जागरूकता फैलाना है। राठी हॉस्पिटल के चेस्ट, एलर्जी अस्थमा व क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट डॉ अंकित राठी ने बताया की कोरोना महामारी ने हमारे फेफड़ों पर सबसे ज्यादा असर किया है। इसी वजह से इस बार की थीम- लंग हेल्थ फार आल, यानी सबके फेफड़ों का स्वास्थ्य ठीक रहे, रखी गयी है। विश्व फेफड़ा दिवस 2022 का लक्ष्य श्वसन संबंधी बीमारियों के बोझ को कम करना, सबके फेफड़ों की देख भाल, बीमारी की स्थिति का शीघ्र पता लगाना और श्वास रोगियों का उपचार समान रूप से विश्व के सभी देशों में मिलना है। टी.बी., अस्थमा, सीओपीडी, निमोनिया तथा फेफड़ों का कैंसर ये पांच प्रमुख श्वसन रोग हैं। वायु प्रदूषण, धूमपान और जलवायु परिवर्तन इन बीमारियों के बढने् में अहम भूमिका निभा रहा है। वायु प्रदूषण को अब दुनिया का सबसे बड़ा पर्यावरणीय स्वास्थ्य खतरा माना जाता है, जो हर साल दुनिया भर में 70 लाख मौतों का कारण बनता है।

# जाड़ला गांव में आकाशीय बिजली से एक युवक की मौके पर हुई मौत

मरुधर विशेष / दिनेश लेखी



**कठूमर।** उपखण्ड क्षेत्र के जाड़ला गांव में आकाशीय बिजली से झुलस कर एक युवक की मौके पर मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र में चार दिन से चल रही झमाझम बरसात के बीच शनिवार शाम को जाडला निवासी तीस बर्षीय भगवानसिंह जाटव पुत्र रामजीलाल जाटव अपने खेत पर बाजारे को उठाने का काम कर रहा था कि आकाशीय गर्जना के साथ उसकी जेब मे रखे मौबाईल पर बिजली गिर गई। जिससे भगवान सिंह का पूरा शरीर झुलस गया और मौके पर मौत हो गई। सूचना पर बहतुकला पुलिस मौके पर पहुची और शव को कब्जे में लेकर कठूमर सीएचसी पर पोस्ट मार्टम करा कर परिजनो को सौंप दिया।

## कोटड़ा और कंडी के बीच हुआ फुटबॉल फाइनल



मरुधर हिन्द उदयपुर

कोटड़ा क्षेत्र में फुटबॉल का आयोजन किया गया कुल 8 टीमों ने हिस्सा लिया। जिसका फाइनल मुकाबला कोटडा और कंडी के बीच खेला गया मैच काफी कशमकश रहा। कोटड़ा ने कंडी को हरा फाइनल मुकाबला जीत ट्रॉफी पर कब्जा किया। बिट्टू भाई ने जानकारी देते हुए बताया कि उपविजेता टीम की ट्रॉफी प्रवीण कुमार गरासिया ने उठाई फाइनल ट्रॉफी शोएब खान ने उठाई मैन ऑफ द मैच नसीर कुरैशी रहे।

## सामूहिक तर्पण और श्राद्ध की तैयारी बैठक संपन्न

बांसवाड़ा।

विप्र फाउंडेशन बांसवाड़ा द्वारा सर्व पितृ अमावस्या पर मंदारेश्वर मंदिर पर सर्व सनातन समाज के लिए सामूहिक पितृ तर्पण और श्राद्ध निमित्त बैठक का आयोजन त्रयंबकेश्वर मंदिर परिसर पर संरक्षक मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश पंड्या के मुख्य आतिथ्य , जिलाध्यक्ष योगेश जोशी की अध्यक्षता , नगर अध्यक्ष ईश्वरदास वैष्णव, बांसवाड़ा तहसील अध्यक्ष सुभाष पंड्या के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुई । बैठक में रविवार को आयोजित होने वाले सामूहिक तर्पण और श्राद्ध की तैयारियों के बारे में बताया गया । जिलाध्यक्ष योगेश जोशी ने बताया की ब्रह्मर्षि आचार्य पं. हर्षवर्धन व्यास के आचार्यत्व में विद्वान विप्र वरों द्वारा उक्त कार्य संपादित करवाया जायेगा । उक्त तर्पण और श्राद्ध के लिए सर्व सनातन समाज के लोगों द्वारा अपना पंजीयन कमेटी के पास करवा लिया है। जो भी अपने परिजनों का तर्पण और श्राद्ध करवाने के इच्छुक हो वे नगर अध्यक्ष ईश्वर दास वैष्णव के नंबर 9460968968 और नगर महामंत्री प्रदीप शर्मा 9414497217 नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं । इस अवसर पर नगर महामंत्री प्रदीप शर्मा , कैलाश जोशी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन और आभार जिला प्रवक्ता अमित शुक्ला ने किया । ये जानकारी विप्र फाउंडेशन जिला अध्यक्ष योगेश जोशी ने दी।

## सौंख ग्राम सेवा सहकारी समिति के 5 वार्डो की मतगणना पुलिस पहरा में हुई संपन्न

मरुधर विशेष / दिनेश लेखी

**कठूमर।** सौंख ग्राम सेवा सहकारी समिति के पांच वार्डों के संचालक मंडल के सदस्यों के् वार्डो की मतगणना शनिवार को राजकीय प्राथमिक विधालय सौंख में पुलिस जाप्ता के साथ शान्ति पूर्ण सम्पन्न हुई।

निर्वाचन अधिकारी जगदीश गुप्ता ने बताया कि अलवर जिले की कठूमर ब्लॉक की बहुचर्चित सौंख ग्राम सेवा सहकारी समिति के पांच वार्डों के संचालक मंडल के सदस्यों के निर्वाचन हेतु शुक्रवार को हुए मतदान की मतगणना शनिवार को संपन्न हुई।

जिसमें वार्ड नंबर एक से महिला वर्ग में राजेश देवी एक मत से,वार्ड नंबर चार सामान्य वर्ग से महेंद्र शर्मा आठ वोट से,वार्ड नंबर पांच सामान्य वर्ग से भीम सिंह दो मतों से, वार्ड नंबर दस सामान्य वर्ग से भगवान सिंह तथा वार्ड नंबर बारह अत्र्श्नी वर्ग से गुलाब सिंह दो मतों से निर्वाचित घोषित किए गए। मतदान व मतगणना के दौरान दोनों दिन 15 पुलिस कर्मियों का जाप्ता तैनात रहा था।

## ग्राम साथिन ने स्कूल में बच्चों को नो बैग डे पर खेलकूद के महत्व को समझाया



मरुधर विशेष / दिनेश लेखी

**कठूमर।** महिला अधिकारिता विभाग की साथिन ग्राम पंचायत बेरका साथिन रुचि रानी के द्वारा शनिवार को विद्यालय में बच्चों को खेलकूद एवं उनके महत्व के बारे में समझाया गया ग्राम साथिन रुचि रानी ने बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बेरका में बच्चों को खेलकूद एवं उनके महत्व के बारे में समझाया गया। तथा नो बैग डे पर खेल कूद प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गई। और बताया कि खेलो से बच्चो का शारीरिक मानसिक और बौद्धिक विकास होता है तथा बच्चो में सहयोग की भावना का विकास होता है। वही महिला अधिकारिता विभाग की साथिन ग्राम पंचायत तिगरिया गीता देवी, ग्राम पंचायत जहाड़ू सीमा देवी, ग्राम पंचायत नाटोज मंजू शर्मा के द्वारा विद्यालय में बच्चो को खेल कूद प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गई । और बच्चो को खेलो का महत्व बताया की खेल स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। और ग्राम पंचायत सौखर साथिन संता देवी के द्वारा किशोरी बालिकाओं की बैठक की गई।

## आशु सिंह सूरपुरा पेंशन योजना के तहत आज निमेड़ा मे पैंशन वितरण



मरूधर विशेष/महावीर सिंह साँचोरा

विगत कुछ समय से आशुसिंह सुरपूरा ने आकस्मिक हुए हादसों में मर्तक जिनके जीवन यापन का सहारा भी नही रहा उनको पैंशन योजना के तहथ जोड़ा ओर आज उसी क्रम में कुछ दिन पूर्व सड़क दुर्घटना में दिवंगत हुए स्वर्गीय श्री प्रभु दयाल जी चौधरी की धर्मपत्नी गंगा देवी जी को सूरपुरा पेंशन योजना के तहत 5 हजार रूपये पेंशन के भेंट किये। इनके तीन बेटियाँ व एक नाबालिग बेटा है। साथ ही प्रति महीना 1000 रुपये पेंसन इनको देय होगी दूसरा कोरोना में दिवंगत हुए स्वर्गीय श्री लक्ष्मी नारायण जी चौधरी की धर्मपत्नी सुमन देवी जी को सूरपुरा पेंशन योजना के तहत 5 हजार रूपये पेंशन के भेंट किये ओर इनके 7 साल का नाबालिग बेटे को प्रति महीना 1000 रुपये सुरपुरा पैशन योजना के तहथ देय होगा। तीसरा कोरोना में दिवंगत हुए स्वर्गीय श्री रामस्वरूप जी राव की धर्मपत्नी नंची देवी जी को सूरपुरा विधवा पेंशन के तहत 5 हजार रूपये पेंशन के भेंट किये। इनके मानसिक रूप से अस्वस्थ बेटा को प्रति महीना 1000 रुपये दिए जाएंगे चौथा श्री बाबूलाल जी कुम्हार पूर्णतः विकलांग हैं उनकी प%ी को सूरपुरा विकलांग पेंशन योजना के तहत 5 हजार रूपये भेंट किये। इनको भी प्रति महीना 1000 रुपये सुरपुरा पेंशन योजना के तहथ हर महीने दिए जाएंगे।

## हंस स्कूल में रेड डे और अंग्रेजी कविता प्रतियोगिता का आयोजन




मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा

**बानसूर -** कस्बे के द हंस स्कूल में रेड डे और अंग्रेजी कविता वाचन की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी कक्षा के छात्र- छात्राओं ने बड़े ही उत्सुकता से भाग लिया और शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने लाल रंग के विभिन्न फलों, फूलों और सब्जियों का किरदार निभाया और कविताएं गाई। इसके माध्यम से बच्चों को रंगों, फलों और सब्जियों की पहचान कराने का प्रयास किया गया । इस प्रतियोगिता की अध्यक्षता निदेशक पंकज बंसल और प्रधानाचार्या अर्चना शर्मा ने की। इस प्रतियोगिता में प्राथमिक वर्ग से रितिका चैधरी (येलो हाउस), मध्यम वर्ग से अनुष्का यादव (ग्रीन हाउस) और उच्च वर्ग से कोमल(रेड हाउस) विजयी रहे। विद्यालय के शिक्षक गणों ने भी बच्चों का मार्गदर्शन किया।

## सौंख ग्राम सेवा सहकारी समिति के 5 वार्डो की मतगणना पुलिस पहरा में हुई संपन्न

मरुधर विशेष / दिनेश लेखी

**कठूमर।** सौंख ग्राम सेवा सहकारी समिति के पांच वार्डों के संचालक मंडल के सदस्यों के् वार्डो की शनिवार को पुलिस जाप्ता के मतगणना शान्ति पूर्ण सम्पन्न हुई। निर्वाचन अधिकारी जगदीश गुप्ता ने बताया कि अलवर जिले की कठूमर ब्लॉक की बहुचर्चित सौंख ग्राम सेवा सहकारी समिति के पांच वार्डों के संचालक मंडल के सदस्यों के निर्वाचन हेतु शुक्रवार को हुए मतदान की मतगणना शनिवार को संपन्न हुई। जिसमें वार्ड नंबर एक से महिला वर्ग में राजेश देवी एक मत से,वार्ड नंबर चार सामान्य वर्ग से महेंद्र शर्मा आठ वोट से,वार्ड नंबर पांच सामान्य वर्ग से भीम सिंह दो मतों से, वार्ड नंबर दस सामान्य वर्ग से भगवान सिंह तथा वार्ड नंबर बारह अत्र्श्नी वर्ग से गुलाब सिंह दो मतों से निर्वाचित घोषित किए गए। मतदान व मतगणना के दौरान दोनों दिन 15 पुलिस कर्मियों का जाप्ता तैनात रहा था।

## प्रधानाचार्य को इंटर के छात्र ने गोलियों से भूना,हालत गंभीर, बैग में लेकर आया था असलहा

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले के सदरपुर थाना क्षेत्र में दो छात्रों ने आपस में लड़ाई की और लड़ाई के बाद एक ने प्रधानाचार्य पर गोलियां बरसा दी।छात्र ने तीन राउंड गोलियां चलाई।घटना को अंजाम देने के बाद छात्र मौके से भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रधानाचार्य को बिसवा सीएचसी में भर्ती कराया।जहां डॉक्टरों उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।प्रधानाचार्य की हालत गंभीर बताई जा रही है। मिली जानकारी के? अनुसार जिले के सदरपुर थाना क्षेत्र के जहांगीराबाद कस्बे में आदर्श रामस्वरूप विद्यालय इंटर कॉलेज है।कॉलेज में दानपुरवा गांव निवासी राम सिंह वर्मा प्रधानाचार्य हैं।कॉलेज प्रधानाचार्य के बाबा के नाम पर चलता है।शुक्रवार को इंटर का छात्र रेवान निवासी गुरविंदर सिंह और रोहित मौर्य के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया।प्रधानाचार्य ने बीचबचाव कर मामला शांत कराया। आज शनिवार सुबह लगभग सात बजे प्रधानाचार्य राम सिंह वर्मा कॉलेज के बाहर बन रही दुकानों की देखरेख कर रहे थे। इस दौरान गुरविंदर सिंह अपने बस्ते में असलहा लेकर आया और राम सिंह वर्मा के ऊपर गोलियां चला दी। पहली गोली उनको छूते हुए निकल गई।इसके बाद प्रधानाचार्य कॉलेज की ओर भागे तो गुरविंदर ने दूसरी गोली उनके सिर पर मारी और तीसरी गोली उनके पेट पर मार दी। इसी दौरान कॉलेज का स्टाफ भी मौके पर आ गया। इसे देखकर गुरविंदर वहां से भाग गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को बिसवा सीएससी फिर जिला अस्पताल भर्ती कराया है।जहां प्रधानाचार्य की हालत गंभीर बताई जा रही है। थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि आरोपी छात्र की तलाश की जा रही है।

## यूथ फॉर नेशन युवा संसद में कठूमर से कार्यकर्ताओं ने लिया भाग





मरुधर विशेष दिनेश लेखी

**कठूमर।** यूथ फॉर नेशन युवा संसद 2022 बढ़ाया सभागार शिप्रा पथ जयपुर में शुक्रवार को तीन दिवसीय संसद सत्र का उद्घाटन हुआ। युवा संसद सत्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ महेश शर्मा एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हेमंत शर्मा एवं खेडली से पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष एवं युवा संसद के अतिथि समन्वयक भागचंद जैन ने बताया कि सभागार विधिवत रूप से सुबह 8:00 बजे यज्ञ एवं हवन पूजन करके सत्र का शुभारंभ किया। जिसमें जयपुर सांसद रामचरण बोहरा पूज्य संत सुधांशु महाराज एवं आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक कैलाश भाई साहब युवा संसद में पहुंचकर उद्घाटन किया एवं यूथ फॉर नेशन युवा संसद में राजस्थान के अलावा आसाम उड़ीसा मध्य प्रदेश गुजरात तमिलनाडु के प्रतिनिधियों ने भाग लिया तथा कार्यक्रम में कठूमर विधानसभा क्षेत्र से वतन केसरी के राजस्थान प्रभारी मनोहर लाल शर्मा, मोहन लाल सैनी, राजेश जाटव ,पूर्व सरपंच मुन्नी देवी, रूपनारायण नागर, विजयपाल चौधरी, धर्मेंद्र लवानिया ,राजगढ़ से सुनीता मीणा अपने कार्यकर्ताओं के साथ उपस्थित रहे।

## राजा रणजीत सिह द्वारा निर्मित राम मन्दिर का 140 वर्ष बाद पुनः निर्माण

बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट

**कुशलगढ।** राम मन्दिर निर्माण कमेटी कुशलगढ ने राज्य सरकार द्वारा देवस्थान के राम मन्दिर कुशलगढ के लिए ढाई करोड रुपये एवं मगलेश्वर मन्दिर निमार्ण कार्य के लिए ढाई करोड़ रुपये की बजट मंजूरी देने पर स्थानिय विधायक व राजस्थान सरकार का आभार माना।समिति के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने सभी का इस कार्य में सहयोग के लिए साधुवाद व आभार व्यक्त किया।इस खबर की जानकारी मिलते ही राम मन्दिर कमेटी व मगलेश्वर कमेटी के महेश जी अग्रवाल हरेन्द जी पाठक राज कुमार प्रजापत कैलाश राव,समाजसेवी तिलोत्तमा पंड्या एवं समस्त हिन्दू समाज ने हर्ष प्रकट किया।कुशलगढ का एक मात्र राम मन्दिर अब जल्दी ही भव्यरुप लेगा। समाज मे खुशी कि लहर छा गयी। राम मन्दिर राजा रणजीत सिह द्वारा निर्मित है।140 वर्ष बाद पुनः निर्माण में गर्भगृह राम दरबार ,हनुमान मन्दिर, भोलेनाथ मन्दिर ,सीता रसोई,सन्त निवास बनाने की योजना है। ये जानकारी कैलाश राव ने दी।



## राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बुडवा ब्लॉक बागीदौरा में व्यावसायिक शिक्षा के तहत एक्सपोज़र कैंप आयोजित किया गया

बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट

**बांसवाड़ा।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बुडवा ब्लॉक बागीदौरा में व्यावसायिक शिक्षा के तहत एक्सपोज़र कैंप आयोजित किया गया। सुशील चंद्र सोनी प्रधानाचार्य एवं किशोर शुक्ला कौशल मित्र ने बताया की व्यवसायिक शिक्षा के ट्रेड के अंतर्गत बुढ़वा के वैज्ञानिक खेती एवं जैविक खेती करने वाले किसान रूप जी भाई पटेल के वहां कक्षा 6 से 8 के बालक बालिकाओं को ले जाया गया। वहां पर बाइक के साथ जुगाड़ करते हुए खरपतवार निवारण के लिए यंत्र की विशेषता बताई गई साथ ही बाइक के पीछे लगने वाली टोली जिसके माध्यम से खाद एवं बीज तथा घास को भी खेतों से घर सुगमता से लाया जा सके उसको भी बताया गया। इसके पश्चात गीर गायो के गोबर से बनने वाले ह वनात्मक कंडो के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर वीटी भरत सिंह एवं नीता बारोट तथा कक्षा 6 से 8 के बालक बालिका उपस्थित रहे। साथ ही बालिकाओं को सिलाई मशीन की जानकारी देते हुए बालिकाओं द्वारा कपड़ों की कटिंग कर कुछ ड्रेसेस भी बनाई गई। बुडवा के किसान रूपजी भाई पटेल के घर में संचालित गौशाला के दर्शन भी करवाए गए। साथी जैविक खाद बनाने की क्रिया भी बताई गई। कौशल विकास की जानकारी दी गई कि किस तरह बच्चे पढ़ते हुए आत्मनिर्भर बने। ये जानकारी कौशल मित्र किशोर शुक्ला ने दी।



# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का दिलाया भरोसा, अभिभावकों से मांगा सहयोग

### राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय,खूंटड़िया में शिक्षक-अभिभावक परिषद की बैठक आयोजित

**बाँसवाड़ा।** छोटी सरवन ब्लॉक के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, खूंटड़िया में शनिवार को शिक्षक-अभिभावक परिषद की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक की अध्यक्षता करते हुए संस्थाप्रधान वनेश्वर गर्ग ने अभिभावको को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का भरोसा दिलाया। साथ ही स्कूल में संचालित गतिविधियों की जानकारी देते हुए अभिभावकों से छात्र हितों से जुड़े सुझाव मांगे और विद्यालय विकास हेतु अभिभावकों से सहयोग करने की बात कही।मुख्य अतिथि पीईईओ भरत नानावटी ने अभिभावकों से कहा है कि वे अपने बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें, उनके द्वारा किए जाने वाले होमवर्क की निगरानी रखें। छात्र की प्रगति के बारे में स्कूल के शिक्षकों से समय समय पर जानकारी लेते रहे तथा विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें।विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत मूलिया के सरपंच पंकज मईड़ा ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि हेडमाड़साब विद्यालय विकास हेतु अपने प्रयास कर रहे है इस कारण खूंटड़िया विद्यालय पूरे ब्लॉक एवं जिले में चर्चित है।हम सभी ग्रामीणों को स्टाफ़ का सहयोग करना है जिससे विद्यालय का और नाम रोशन हो।साथ ही विद्यालय के नवीन भवन निर्माण हेतु प्रस्ताव बनाकर मंत्री एवं कलेक्टर महोदय को ज्ञापन भेजने की बात कही।विद्यालय के जगदीश चरपोटा ने राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की जानकारी अभिभावकों को प्रदान की।ग्रामीणों ने अक्टूबर माह के अंत तक जर्जर विद्यालय भवन को जमींदोज करने एवं मैदान समतलीकरण पर एकमत होकर विद्यालय में सहयोग देने पर चर्चा की।साथ ही विद्यालय में पानी, शौचालय, बिजली, एवं एमडीएम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष बालचन्द चरपोटा,उपाध्यक्ष देवीलाल,सीताराम,छगनलाल चरपोटा,हकरू भाई,परतु भाई,कालू भाई सहित ग्रामीण एवं विद्यालय स्टाफ़ उपस्थित रहे । ये जानकारी संस्थाप्रधान वनेश्वर गर्ग ने दी।



## लंपी रोग से बचाव हेतु गौ-रक्षा सेवा समिति टीम ने कुशलगढ़ में घूम-घूमकर गौमाता का किया जा रहा है टीकाकरण

बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट

**कुशलगढ।** गौ रक्षा सेवा समिति कुशलगढ़ कार्यकर्ताओ के साथ मे पशु चिकत्सालय के चिकित्सक राहुल भारद्वाज के साथ हॉस्पिटल टीम, निस्वार्थ भावना से एक लक्ष लेकर तन, मन और धन से गो माता को बचाने के लिए बिना टाइम टेबल के सूचना आते ही पूरी टीम उस स्थान पर पहुँच कर अपना कर्तव्य निभा रहे है।लंपी रोग से बचाव हेतु गौ-रक्षा सेवा समिति टीम ने कुशलगढ़ में घूम-घूमकर गौमाता का किया जा रहा है टीकाकरण। जो लोग गो सेवा के लिए टाइम नही दे पाते है। वो लोग किसी भी प्रकार से इन गो रक्षा सेवा समिति का सहयोग कर इनका होसला बढ़ा रहे हैं । हम सभी देख रहे है जोर सोर से इस लिंपि बीमारी को खत्म करने मे लगे हुए है।आज ये गो रक्षा सेवा समिति और हॉस्पिटल टीम नही होती तो ये बीमारी गो माता मे विकराल रूप ले लेती। गौ रक्षा सेवा समिति के कार्य को देखते हुवे पार्श्व मेडिकल विजित जी मेहता द्वारा सहयोग में निशुल्क वितरण के लिए समिति को दवाइया दी। वैसे कई लोग आर्थिक सहायता भी दे रहे। टाउन हॉल आइसोलेशन सेन्टर पर एक गौवंश को आइसोलेट कर दिया है ! प्रारंभिक लक्षण आ चुके हैं। गौ रक्षा सेवा समिति कुशलगढ के सनातनी युवाओं द्वारा आप सभी के सहयोग से संचालित गौमाता को राष्ट्र माता बनाना, गौसेवा, गौ कर्तव्य, गौ धर्म, गौ सेवा, गौसंवर्धन, गौहत्या बंद हो के उद्देश्य के साथ बनाया गया ग्रुप है। किसी भी पशु में बीमारी होने पर नजदीक के पशु चिकित्सालय पर सम्पर्क करके उपचार कराएं। किसी भी दशा में बिना पशु चिकित्सक के परामर्श के कोई उपचार स्वंय न करें।

लम्पी स्किन बीमारी से बचाव हेतु पशुपालन के कर्मियों द्वारा अभियान चलाकर गोवंशीय पशुओं को टीका निःशुल्क लगाया जा रहा है। सभी पशुपालक अपने पशुओं को टीका अवश्य लगवाएं। ये जानकारी हर्षवर्धन पंड्या ने दी।




## जादूगर शिवकुमार ने राष्ट्रवादी संत गुरुदेव भास्कर भारद्वाज को सामाजिक सेवा रत्न अवार्ड 2022 से किया सम्मानित,क्षेत्र में खुशी की लहर

मरुधर विशेष/ हवासिंह चौधरी

**बहरोड़।** हरोड़ के विक्रम टॉकीज में विश्व के महानतम जादूगर शिव कुमार के अंतरराष्ट्रीय स्तर के मैजिक शौ के दौरान शुक्रवार को मेजिक स्टार शिवकुमार ने राष्ट्रवादी संत गुरुदेव भास्कर भारद्वाज को सामाजिक सेवा र% अवार्ड 2022 से सम्मानित किया। यह अवॉर्ड उन्हें सनातन धर्म राष्ट्र और परहित के लिए कार्य करने के लिए दिया गया राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कर चुके विश्व विख्यात जादूगर शिव कुमार ने अपने अंतरराष्ट्रीय स्तर के मेजिक शो के दौरान शुक्रवार को चमक दमक के बीच हाई प्रोफ़ाइल साउंड की स्वर लहरियों के संग पवित्र मनन दीप सत्संग सेवा संस्थान कोटकासिम के संस्थापक,विख्यात ज्योतिषी एवं राष्ट्रवादी संत गुरुदेव भास्कर भारद्वाज को उनके द्वारा संपूर्ण भारतवर्ष में लंबे समय से किए जा रहे सनातन धर्म के प्रचार प्रसार, सत्संग प्रवचन व समाज कल्याण के सेवा कार्यों के लिए समाज सेवा र% अवार्ड 2022 दिया गया। इस दौरान जादूगर शिव कुमार ने कहा कि गुरुदेव भास्कर भारद्वाज जो की पूरे भारतवर्ष में सनातन धर्म का प्रचार कर वेद पुराणों, शास्त्रों को प्रवचन कर समझा रहे हैं। वो राष्ट्र सेवा के साथ नर सेवा भी कर रहे हैं जो बहुत ही सराहनीय कार्य है।

इस पावन अवसर पर गुरुदेव भास्कर भारद्वाज ने जादूगर शिवकुमार का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जादूगर शिवकुमार अपने तिलिस्मी एवं रहस्य रोमांच से भरे जादू शो के चलते देश दुनिया में चर्चित हैं और सूर्य की तरह चमक रहें हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि इसके साथ साथ जादूगर साहब ने देश पर जब जब भी संकट आया है उसके लिए उन्होंने जो दान सेवा कार्य किए हैं। इसके साथ ही और आप द्वारा कोरोना काल के दौरान गरीब,असहाय व जरूरतमंद लोगों की जो मदद की है वो वास्तव में काबिले तारीफ है और दूसरे लोगों के लिए प्रेरणा स्त्रोत भी है। गुरुदेव ने आगे बोलते हुए कहा कि जादूगर शिवकुमार अपने मेजिक शो के माध्यम से आमजन को पौधारोपण करने, नशा मुक्त रहने, कन्या भ्रूण रोकने, दीन दुखियों की सेवा करने,एवं अपने धर्म,सभ्यता और संस्कृति को बचाने हेतु सामाजिक संदेश भी देते हैं जिससे हर तरफ सदाचार और नैतिकता फैलती है।

इस दौरान गुरुदेव भास्कर भारद्वाज अपने सत्संग परिवार के काफी लोगों के साथ मौजूद रहे। जादूगर शिव कुमार ने सत्संग परिवार तथा मेजिक शो के दौरान भारी भीड़ के बीच गुरुदेव भास्कर भारद्वाज को सामाजिक सेवा रतन अवॉर्ड 2022 भेंट कर उनका भव्य स्वागत सम्मान किया किया।

इस दौरान पवित्र मनन दीप सत्संग सेवा संस्थान कोटकासिम के संस्थापक राष्ट्रवादी संत भास्कर भारद्वाज, अंतरराष्ट्रीय जादूगर शिव कुमार, मीडिया जगत से संजय बागड़ी, अनिल कुमार, रामोतार,पवित्र मनन दीप के सत्संग सचिव संस्कार उर्फ गोली प्रजापत, भागीरथ भारद्वाज, भजन गायक कालू राजा, हीरालाल लखेरा, मनोज गुप्ता, विजेंद्र प्रजापत, तेजपाल सेन, राहुल लखेरा, मोहित लखेरा, सुमन भारद्वाज, प्रेम देवी, बाला देवी, मौसम देवी, ज्योति सेनी ,मनीषा देवी,रेखा देवी सहित मेजिक शो देखने वाले दर्शकों की भारी भीड़ मौजूद रही।




## मदद फाउंडेशन एक कदम मदद की ओर एक ऐसी संस्था जो हर समय रहती है मदद को तैयार

मरूधर विशेष/महावीर सिंह साँचोरा

मदद फाउंडेशन के एडमिन दिलीप सिंह सफेड़ के द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 फरवरी 2018 को मदद फाउंडेशन की नींव रखी गई दिलीप सिंह सफेड़ ने बताया की

कोई भी कार्य होता है वह हमेशा धरातल लेवल के कार्यों पर रहने वाले कार्यकर्ता ही चालू कर पाते हैं । हम हमारे आसपास में लगभग देखते रहते हैं कि आज अगर कोई विधवा महिला है उसके बच्चे छोटे हैं तो मदद करने के लिए कोई आगे नहीं आता समाज में महिला बाहर निकल के कमाने नही जा सकती शहरी क्षेत्रों में तो फिर भी रोजगार के साधन होते है लेकिन ग्रामीण परिवेश में तो इतनी बड़ी बात है कि घर से बाहर निकलना भी मुश्किल होता है लेकिन आसपास में नजर घुमाकर देखते हैं तो कहीं ना कहीं महीने भर का राशन आना भी मुश्किल होता है, इसलिए हम लोगों ने सोचा कि कहीं ना कहीं हम एक सोशल मीडिया से मुहिम चलाकर एक ऐसी संस्था का निर्माण किया जाए जिसमें हम लोग ऐसे परिवारों को हर महीने पेंशन योजना, स्वरोजगार योजना, आर्थिक कमजोर पीड़ित परिवारों की स्वास्थ्य संबंधित इलाज में मदद करना आदि कार्यों से जोड़कर उनको महीने की महीने कुछ सहयोग पेंशन स्वरूप दिया जाए। देखते देखते सामाजिक लोगों को यह मुहिम बहुत अच्छी लगी और लोग जुड़ते गए जिसमें सर्वप्रथम हम पांच लोग थे गणपत सिंह जी गांवडी राजेंद्र सिंह जी सिंगोद, सिंबू सिंह जी सफेड़ ,दीपक सिंह जी बाय उसके बाद कारवां बढ़ता गया और लोग जुड़ते गए आज लगभग 5 साल होने को आए बहुत अच्छे स्तर पर संस्था कार्य कर रही है ।







### अब अब तक संस्था ने जो जो कार्य किए हैं वह निम्न प्रकार से लगभग 396 मदद की हैं

1. राम मंदिर समर्पण राशि 111111/-
2. 22 आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बच्चियों के विवाह में सहयोग
3. 41 आर्थिक रूप से पिछड़े परिवार की सहायता
4.46 चिकित्सा के क्षेत्र में सहयोग
5. 151 सिलाई मशीन का संपूर्ण राजस्थान में वितरण स्वरोजगार योजना के अंर्तगत
6. 7 छात्रवृत्ति 2100 रुपए मेधावी छात्रों को
7. 7 व्हील चेयर दिव्यांगजन को प्रदान की गई है।
8. 1 वेटलिफ्टीग मशीन प्रदान की गई है जो की दिव्यांग भाई था बाद में उन्होंने मेडल भी जीता है।
9.1 मदद फाउण्डेशन के सदस्य की मदद 1 लाख 2100 की गई है जो संस्था के नियमित सदस्य है।
10. मदद फाउंडेशन नियमित सदस्य जो की आर्थिक कमजोर थे, सदस्य के मायरा 111000
11. 2 आटा चक्की स्वरोजगार योजना के अंतर्गत प्रदान की गई
12. 93 पेन्शन के रूप मे मदद की गई हैं जो की हर महीने लाभार्थी के खाते में जाति रही रहती है।
13. कोविड काल में एस एम एस हॉस्पिटल में ऑक्सीजन, पीपी किट, ब्लड, राशन, आदि की व्यवस्था करवाने में संपूर्ण राजस्थान में मदद फाउंडेशन ने अपनी अग्रिम भूमिका निभाई है।

साथ ही गौ माता पर जो अभी भारी विपदा आई हुई है उसमें भी लभभग समूर्ण राजस्थान में मदद फाउंडेशन टीमें गौसाला गौसेवा में लगी हुई है। लगभग 5000 गायों की लम्पि बीमारी के लिए वैक्सिंग कर इलाज किया जा रहा है। और वो भी इतनी मदद बहुत कम समय 56 महिने 15 दिन के अंदर की गई हैं ।

दिलीप सिंह सफेड ने सभी मदद फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं और सहभागी भाइयो को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप सभी हमारे साथ ऐसे ही जुडे रहे और सहयोग बनाये रखे ।एक बार सभी खुद के लिए ताली अवश्य बजाएं आपने बहुत ही बड़े कार्य किये है इन कुछ समय मे एक टीम बनकर , मदद फाउंडेशन उम्मीद करता हैं आप सभी हमारे साथ जुड़े रहकर सुखदमय अनुभव कर रहे है।

## पीपीआई ने पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग को लेकर धरना दिया।



मरूधर विशेष/खेमचन्द गुप्ता

**जयपुर ।** पिरियोडीकल प्रेस ऑफ इंडिया( पीपीआई ) की प्रदेश इकाई ने सन्नी आत्रेय के नेतृत्व में शहीद स्मारक पत्रकार सुरक्षा कानून एवं अन्य मांगों को लेकर धरना दिया। इस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.सुरेन्द्र शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव राकेश प्रजापति, प्रदेश अध्यक्ष सन्नी आत्रेय,प्रदेश सचिव विजय पांडेय सहित अनेक हस्तियों ने सहभागियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा के लिए पत्रकार सुरक्षा कानून जरुरी है।इस कानून में आर्थिक गारंटी भी होना चाहिये।तभी पत्रकारों के हितों की रक्षा हो पाएगी। इस धरने में हरि बल्लभ मेघवाल, मोहम्मद अनीस खान, दीपक शर्मा, मुकेश मिश्रा, नवदीप सिंह, अब्दुल रज्जाक थोई, कृष्ण गोपाल शर्मा, अनीश नाडार, गोपाल गुप्ता, लक्ष्मीकांत पारीक, डॉ संजय सक्सेना, रोहित, अचल दीप सिंह, जेपी शर्मा, रेखा गौड़, श्याम कोरानी, सुमन, रमेश भगत, बनवारी, शालिनी श्रीवास्तव, अजीत सिंह राठौर, रेख राज चौहान ओमवीर भार्गव,महावीर सिंह चौहान, आशीष नायक, शुभम सेन, कमल शर्मा, नरेश गुप्ता ,केशव सिंह सोलंकी, खेमचन्द गुप्ता आदि सेंकड़ों की संख्या में पत्रकारों ने शिरकत की।

## दुर्गा प्रतिमाएं निर्धारित स्थानों पर की जाएंगी विसर्जित

गोरखपुर मंडल ब्यूरो संजय विश्वकर्मा की रिपोर्ट

**गोरखपुर।** आगामी त्यौहारो को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी कृष्ण करूरेश वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव गौरव ग्रोवर ने प्रशासन व पुलिस प्रशासन के समस्त राजपत्रित अधिकारियों के साथ पुलिस लाइन सभागार में बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया जिससे दुर्गा पूजा रामलीला दुर्गा पूजा विसर्जन सकुशल कानून व्यवस्था कायम रखते हुए सकुशल संपन्न हो सके। डीएम एसएसपी ने कहा कि दुर्गा पूजा में प्रतिमाओ के स्थापित स्थान, प्रमुख स्थानो पर लगने वाले मेलो में सुरक्षा व्यवस्था, विसर्जन व विसर्जन के दौरान मार्गव्यवस्था आदि में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्वयं भर्मण सील रहकर त्यौहारो को सकुशल संपन्न कराने में समस्त राजपत्रित अधिकारी अपना योगदान देंगे दुर्गा प्रतिमाएं जिन रूटो से होकर विसर्जन के लिए जाती थी उन्हीं रूटो से होकर ही विसर्जन के लिए जाएंगी कोई नई परंपरा लागू नहीं की जाएगी प्रशासन द्वारा बनाए गए कृत्रिम दुर्गा विसर्जन स्थल पर ही दुर्गा प्रतिमाएं विसर्जित की जाएंगी किसी अन्य जगह पर प्रतिमाएं विसर्जित नहीं की जाएंगी सभी राजपत्रित अधिकारी अपने अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन करेंगे त्योहारों में खलल डालने वाले शरारती तत्वों के ऊपर निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करें दुर्गा प्रतिमा स्थल पर सीसी कैमरे आयोजक समिति से लगवाने के लिए कहा जाए दुर्गा प्रतिमा स्थल पर अग्नि रोधक संयंत्र उपलब्ध रहे दुर्गा प्रतिमा स्थल पर विद्युत तारों को सुव्यवस्थित ढंग से आयोजक समितियां लगवाएं। इस दौरान एडीएम सीटी विनीत कुमार सिंह एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता एडीएम वित्त राजेश कुमार सिंह ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सदर कुलदीप मीना ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शाश्वत त्रिपुरारी पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण विश्नोई पुलिस अधीक्षक उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अरुण कुमार सिंह एसडीएम चोरी चोरा शिवम सिंह एसडीएम खजनी सिद्धार्थ पाठक एसबीएम बांसगांव कुंवर सचिन सिंह एसडीएम गोला रोहित मौर्य एसडीएम कैंपियरगंज पंकज दीक्षित एसडीएम सहजनवा सुरेश राय क्षेत्राधिकारी कैंट श्यामदेव क्षेत्राधिकारी कोतवाली रत्नेश्वर सिंह क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ रत्नेश सिंह क्षेत्राधिकारी खजनी अनिल कुमार सिंह क्षेत्राधिकारी बांसगांव प्रशाली गंगवार क्षेत्राधिकारी एलआईयू पंकज राहुल क्षेत्राधिकारी कैंपियरगंज योगेंद्र सिंह सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

